संक्षिप्त खबरें

बाल दिवस के मौके पर बालसभा का आयोजन, पंडित नेहरू को किया याद

जंगीगंज। श्रीमती कृष्णा देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुआरी में शुक्रवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जयंती के मौके पर बालदिवस का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के अध्यापकों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनी और देश के लिए उनके योगदान के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। अध्यापकों ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों को बहुत प्रेम करते थे इसी वजह से उनके जन्मदिन के मौके पर पुरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस मनाया जाता है। विद्यालय में बाल सभा का भी आयोजन किया गया जहां विद्यालय के बच्चों ने भी पंडित जवाहर लाल नेहरू से जुड़ी गीत और कहानियां प्रस्तुत किया। बाल दिवस के मौके पर सभी बच्चों को टॉफी का भी वितरण किया। इस मौके पर राम कैलाश, रमेश, शुभम, मोहम्मद नाजिम, सुधा, रंजू, राकेश मौर्या समेत विद्यालय के अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।

लोक जनशक्ति पार्टी भदोही ने धूम धाम से मनाया बिहार में NDA की जीत का जश्न

भदोही लोक जनशक्ति पार्टी भदोही ने बिहार में NDA की जीत का जश्न कौलापुर के एक निजी प्रतिष्ठान पर केक काटकर मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महासचिव/ भदोही प्रभारी कमल तिवारी रहे, विशिष्ट अतिथि धनंजय दुबे जी रहें, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष भदोही विकास दुबे ने किया, कमल तिवारी ने बताया बिहार की जनता ने NDA पर जो अभूतपूर्व विश्वास दिखाया है, वो जमीन पर दिख रहा था,कमल तिवारी ने बताया कि बिहार में पार्टी की ओर से ड्यूटी लगी थी, जनता का झुकाव और विश्वास NDA की ओर शुरू से था,बिहार में अब एक बार फिर से सुशासन की सरकार बनेगी, जिसमें हमारी पार्टी लोजपा अहम भूमिका में होंगी, पिछली बार विधानसभा में RJD की सीटे इसलिए बढ़ी थी, चिराग़ जी की नाराजगी से, इस बार पूरा NDA एक साथ मजबूती लड़ा और रिजल्ट एकतरफा NDA के पक्ष में आया, जीत के जश्न में में धनंजय दुबे,राहुल तिवारी, विवेक उपाध्याय, धर्मेन्द्र पाण्डेय, शिवांश मिश्रा, धीरज चौबे, योगेश पाण्डेय, विपिन शुक्ला अभिषेक मिश्रा अविनाश पांडे, अरविंद मिश्रा, प्रिंस पाण्डेय, अंजनी कुमार तिवारी, नंदलाल दुबे, राहुल दुबे, आदि रहें।

असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य पहुंचे डॉ हरिवंश दीक्षित के आवास पर

चुनार मिर्जापुर। बुधवार को असम के राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण प्रसाद आचार्य तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के डीन एवं असम राज भवन के सलाहकार डॉक्टर हरिवंश दीक्षित के आवास चुनार तहसील के ग्राम मीरापुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। राज्यपाल के आगमन पर दीक्षित परिवार एम संभ्रांत लोगों द्वारा गुलदस्ता व अंगवस्त्रम देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने श्राद्ध भोज का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्षअहरौरा ओम प्रकाश केसरी, रघुवंश दीक्षित, घनश्याम दीक्षित, शिवानंद दीक्षित, राधेश्याम दीक्षित, नीरज पांडे, सौरभ पुजारी, पंडित चंद्र मौली त्रिपाठी, मिथिलेश पांडे,शिशिर पांडे, नगर पालिका परिषद चुनार के सभासद करतार सिंह, ग्राम प्रधान राम ललित यादव, रामसागर, पूर्व ग्राम प्रधान शेरवा पुनीत चौबे, अवकाश प्राप्त डी एस पी कैलाश सिंह, राजेश्वरी पांडे, भाजपा जिला महामंत्री रामनगर जितेंद्र पांडे, अवधेश दुबे, संजय गिरी, पुरोहित मक्खन विक्की पांडे, अनिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में परिवार और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

बृहद गौ संरक्षण केंद्र बैदाखास, ज्ञानपुर का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

● जिलाधिकारी ने अपने हाथों से गायों को चारा खिलाकर, किया गो सेवा

● किसानों से खेतों में पराली न जलाकर, निकटतम गो आश्रय स्थल में देने की अपील-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही, जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने विकासखंड ज्ञानपुर स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र बैदाखास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों की देखभाल, पोषण व्यवस्था एवं केंद्र की समग्र कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा।

पशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवस्था की जांच

जिलाधिकारी ने सबसे पहले केंद्र में संरक्षित पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई उपलब्धता की स्थिति जानी। उन्होंने पशुओं के लिए उपलब्ध चारा, भूसा, चुनी-चोकर,पेयजल, साफ-सफाई,तथा मृत पशुओं के शवाधान की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। आगामी ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने केंद्र में बोरा, तिरपाल और अन्य सुरक्षा सामग्री की उपलब्धता की भी जांच की और संबंधित अधिकारियों को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से गायों को चारा खिलाया और गोवंश की सेवा करते हुए उन्हें दुलार भी किया। इस दौरान श्रमिकों द्वारा चुनी-चोकर मिलाने के कार्यों को उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा चारा मिश्रण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

रजिस्टर न मिलने पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसा, चुनी-चोकर की दर एवं मात्रा निर्धारण से संबंधित रजिस्टरों का अवलोकन किया। किंतु स्टॉक रजिस्टर एवं कैश बुक मौके पर उपलब्ध न करा पाने पर उन्होंने केयर टेकर पर नाराजगी जताई और रजिस्टरों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के सख्त निर्देश दिए। केंद्र के केयर टेकर ने बताया कि वर्तमान में गो संरक्षण केंद्र में 386 गोवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखभाल के लिए श्रमिक नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं।

किसानों से पराली न जलाने की अपील

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के कृषकों को संदेश देते हुए कहा कि पराली जलाना पर्यावरण के लिए हानिकारक है और इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली न जलाएं बल्कि उसे स्वयं या ग्राम प्रधान के माध्यम से निकटतम गौ संरक्षण केंद्र तक पहुंचाएं।जिलाधिकारी ने कहा कि पराली को गो आश्रय स्थलों तक पहुंचाना न केवल पर्यावरण संरक्षण का उपाय है, बल्कि इससे गोवंश को पोषण मिलता है और यह गौ सेवा का पुण्य का कार्य भी है। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार ,जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार, केयर टेकर आदि उपस्थित रहे।

जयदीप हॉस्पिटल में 16 नवंबर को विशाल हेल्थ कैंप का आयोजन

भदोही। नगर के बाईपास रोड स्थित रामरायपुर के जयदीप हॉस्पिटल में आगामी 16 नवंबर, सोमवार को विशाल हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस हेल्थ कैंप में प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. सुनील कुमार सिंह मरीजों की जांच और परामर्श प्रदान करेंगे। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बी. के. दूबे ने बताया कि जयदीप हॉस्पिटल द्वारा क्षेत्रीय जनमानस के स्वास्थ्य हित में समय-समय पर निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनसे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित जांच और समय पर उपचार से बड़ी बीमारियों से बचाव संभव है।डॉ. दूबे ने आमजनों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक लोग कैंप में पहुंचकर अपनी जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

● छात्राओं ने छोटे कक्षा ने बच्चों को शिक्षण सामग्री का किया वितरण।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। गोपीगंज में स्थित भारत भारती इंटरमीडिएट कॉलेज में शुक्रवार को बाल दिवस के मौके पर बच्चों को पेन, उपहार, टॉफी इत्यादि का वितरण किया गया। कॉलेज में अध्यापकों ने बच्चों को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया। अध्यापक सलाउद्दीन ने बताया कि नेहरू जी बच्चों को बहुत प्रेम करते थे और लोग उनको प्रेम से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे और उन्ही के जन्मदिन के मौके पर पुरे देश में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। भारत भारती इंटरमीडिएट कॉलेज में अध्यापक संतोष कुमार तिवारी ने बच्चों को बताया कि बच्चों को कोई भी चीज प्रेम से समझाने और बताने से उनको जल्दी समझ में आता है, बच्चों को भी चाहिए कि माता- पिता और गुरुजनों के बात को अवश्य मानना चाहिए। कॉलेज के कई कक्षाओं में केक काटकर भी पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई। कॉलेज की कक्षा नौ की छात्राओं ने एलकेजी के बच्चों समेत और छोटे छोटे कक्षाओं के बच्चों को अपने तरफ से शिक्षण सामग्री और टॉफी का वितरण किया, साथ ही बाल सभा का भी आयोजन किया गया जहां कॉलेज के बच्चों ने अपने अपने गीत और विचार प्रस्तुत किये।

बाल दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल, भदोही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही– बाल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के तत्वावधान में तथा श्रम विभाग के सहयोग से बिहान आवासीय बालिका विद्यालय, फत्तूपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तरूणिमा पांडे, न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा और वार्डेन सारिका श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसके बाद योगा डांस, पंजाबी डांस और आदिवासी नृत्य सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों पर परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा।

अपने संबोधन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा ने बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां छात्राओं को निःशुल्क आवास, ड्रेस, यूनिफॉर्म, अध्ययन सामग्री, पुस्तकें, कॉपी, पेंसिल, जूता, मोजा आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। मुख्य अतिथि तरूणिमा पांडे, सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ने सभी छात्राओं को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया और मन से पढ़ने व आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संदीप दुबे, डिफेंस काउंसिल, ने बाल अधिकारों एवं उनसे जुड़े प्रमुख अधिनियमों और कानूनों की महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को प्रदान की।

इस अवसर पर श्रद्धा रैकवार (विज्ञान शिक्षिका), अर्चना मौर्य (हिंदी शिक्षिका), आशा (कला शिक्षिका), रेखा (शारीरिक शिक्षा), अफरोज (वार्डेन, बालक विद्यालय), दीपक मौर्य, राजेश कुमार, रवि प्रकाश, शिव शंकर, प्रियंका गुप्ता, रेशमा भारती सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी ने किया।

जनपद के सभी विकास खण्डों के 87 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ ''ग्राम चौपाल' गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान

● ''ग्राम चौपाल'' आयोजित कर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों का किया निस्तारण

● ग्राम चौपाल में आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हो सुनिश्चित-डीएम शैलेष कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही– शासन के मंशानुरूप एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रत्येक शुक्रवार को सभी विकासखंड के कुल 87 ग्राम पंचायतों में ''ग्राम चौपाल'' (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। विकास खण्ड भदोही के कुल 15 ग्राम पंचायत में- माधोरामपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी भदोही, चेतनीपुर में खण्ड विकास अधिकारी भदोही, भगवानपुर कनेहरी जोगीपुर में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, चकभईधर में जिला विद्यालय निरीक्षक, विकास खण्ड ज्ञानपुर में कुल 15 ग्राम पंचायत में- चकसीखारी में खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, दुल्हीपुर में बाल विकास अधिकारी ज्ञानपुर, दशरथपुर में जिला कृषि अधिकारी, सोबरी में पशुचिकित्साधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड डीघ में कुल 15 ग्राम पंचायत में- दरवासी में खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ, बेरासपुर में खण्ड विकास अधिकारी डीघ, ओझापुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागदासपुर परियोजना अधिकारी डूडा, बारीपुर उपरवार में तहसीलदार ज्ञानपुर, विकास खण्ड सुरियावां कुल 08 ग्राम पंचायत में-

में भात, में खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरियावां, कैडा में खण्ड विकास अधिकारी सूरियावा, महुआपुर में जिला युवा कल्याण अधिकारी, भटेवरा में पशु चिकित्साधिकारी सूरियावां, विकास खण्ड अभोली में कुल 08 ग्राम पंचायत में- गडोरा खण्ड शिक्षा अधिकारी अभोली, बीरमपुर में खण्ड विकास अधिकारी अभोली, मसुधि में जिला पंचायत राज अधिकारी, लोकमनपुर में पशु चिकित्साधिकारी अभोली, सेमरा में सहायक अभियंता लघु सिंचाई, विकास खण्ड औराई में कुल 26 ग्राम पंचायत में- भवनाथपट्टी में सहायक निदेशक मत्स्य, चकवीरा मुख्य खाद्यय सुरक्षा अधिकारी, सायर में मुख्य चिकित्साधिकारी, पुरेरजई में अधिशासी अभियंता विद्युत भदोही, भवानीपुर उपरवार में जिला अग्निशमन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में तथा समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया। ग्राम चौपाल की शुरूआत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यो के निरीक्षण से हुई जिसमें अमृत सरोवर का अवलोकन करते हुए मनरेगा योजना, वरासत, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं जमीनी संबंधी शिकायत, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल, आवास, फार्मर रजिस्ट्री कैम्प, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों से संवाद करके सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंचायत विभाग द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य, ग्राम पंचायत में लगायी गयी लाईटो, सामुदायिक शौचालयों, पंचायत भवन, जल निकासी नाली, सड़क सम्पर्क मार्ग, गौआश्रम स्थल, एम0डी0एम0, संचारी रोग, टीकाकरण, वृद्धा एवं विधवा, विकलांग पेंशन आदि विकास योजनाओं का सत्यापन किया गया। बेसिक विद्यालयों एवं डीबीटी की स्थिति,आयुष्मान आरोग्य मंदिर/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र, आंगनबाड़ी भवन आदि का अवलोकन किया गया।

जनचौपाल में आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि एवं फार्मर रजिस्ट्री, पोषाहार, सिंचाई से सम्बन्धित शिकायत, कृषि एवं कृषि रक्षा से जुड़े प्राकृतिक एवं आरगैनिक खेती, हर घर नल से जल तथा सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। प्रत्येक विकास खण्ड के लिए नामित अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनचौपाल में आज आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कर अवगत कराया जाए।

सुरियावां पुलिस ने किया लूटकांड का खुलासा, स्कार्पियो-पल्सर व नगदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर जनपद में लूट व चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुरियावां पुलिस ने लूट की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्कार्पियो, बिना नंबर प्लेट की काली पल्सर मोटरसाइकिल तथा कुल 36,900 नगदी की बरामदगी की हैं।शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मामले का खुलासा किया। एएसपी ने बताया कि वादी कड़ेदीन पांडेय निवासी कोल्हुआ पांडेयपुर ने 1 अक्टूबर 2025 को तहरीर दी थी कि 30 सितंबर की रात लगभग 8:30 बजे कस्तूरीपुरी-मनीगंज रोड पर तीन बाइक सवार युवकों ने उनका मोबाइल और नगदी झपट्टा मारकर लूट लिया। इस पर मुकदमा संख्या 337/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी व बरामदगी पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में 13 नवम्बर 2025 को सुरियावां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर दो आरोपी सूरज यादव निवासी कोल्हुआ पांडेयपुर, सुरेश राम निवासी शुकुलपुर को दिव्या होटल तिराहा के पास गिरफ्तार किया। उनके पास से स्कार्पियो, पल्सर मोटरसाइकिल, लूट के 9,500 नगद तथा वादी के मोबाइल से यूपीआई आईडी के माध्यम से निकाले गए 27,400 रुपये बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी सूरज यादव ने बताया कि वह अपने फरार साथियों शिवम सरोज और रणजीत गौतम के साथ मिलकर पहले वादी की 2-3 दिन रैकी करते रहे। घटना वाली रात साथी शिवम ने वादी को धक्का देकर गिराया और मोबाइल व 9,500 रुपये लूट लिए। रणजीत ने मोबाइल का पिन कोड तोड़कर जन सेवा केंद्र, पेट्रोल पंप सहित कई स्थानों से लगभग 1.40 रुपये लाख की यूपीआई ट्रांजैक्शन कर ली। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सुरेश राम द्वारा बनाई गई योजना के तहत लगातार अपराध करते थे और वही गिरोह का सरगना है।घटना में वांछित शिवम सरोज निवासी मकनपुर,रणजीत गौतम निवासी भरथीपुर, जिला जौनपुर को पुलिस तलाश कर रही हैं।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक चंद्रजीत यादव, सुरेश यादव तथा का. अखिलेश कुमार आदि शामिल रहें।

जे एस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

स्कूल के बच्चों द्वारा लगाया गया बाल मेला

चुनार मिर्जापुर। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गंगेश्वर नाथ स्थित जे एस पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद चुनार अध्यक्ष मंसूर अहमद रहे। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश सिंह ने मुख्य अतिथि का गुलदस्ता और अंगवस्त्रम से स्वागत किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य,गीत और नाट्य मंचन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों द्वारा बाल मेला भी लगाया गया। जिसमें खाने पीने की वस्तुओं की दुकानें सजाई गई थी। इस दौरान सुरेंद्र सिंह पटेल, सुरेश वर्मा, जिलाजीत सिंह, प्रवीन सिंह यादव, धीरेन्द्र सिंह, राजू यादव सहित अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि सिंह ने किया।

सॉफ्ट स्किल कार्यशाला एवं रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार मिर्जापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय आईसीटी एवं सॉफ्ट स्किल्स विषयक कार्यशाला के पांचवें दिन शुक्रवार को महाविद्यालय के बी एड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिव कुमार ने इंटरव्यू स्किल्स तथा रिज्यूम राइटिंग विषय पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार के विभिन्न कौशल तथा तकनीक बताये तथा साथ ही उन्होंने रिज्यूम बनाना भी सिखाया। कार्यशाला का संचालन डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमित कुमार यादव ने किया। साथ ही रोवर /रेंजर के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय नौगढ़ चंदौली रहे। उन्होंने रोवर्स रेंजर्स को सामाजिक,राजनीतिक एवं पर्यावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने वंदे मातरम के रचना के इतिहास एवं उसके महत्व के विषय में बताया। उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा की सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ हरिगेंद्र कुशवाहा जिला कमिश्नर एडल्ट प्रोग्राम स्काउट मीरजापुर रहे उन्होंने रोवर्स रेंजर्स को स्काउट गाइड के विभिन्न प्रोग्राम एवं स्काउटिंग के महत्व के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है एवं आत्मविश्वास विकसित करने के साथ साथ हमें ऊर्जावान बनाता है एवं खेल खेल में जीवन जीने के जीवन तरीकों के विषय में बताता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो माधवी शुक्ला ने किया। उन्होंने रोवर्स रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर छात्र छात्राओं के व्यक्तिव के विकास में महत्वपूर्व भूमिका निभाता है उन्हें अनुशासित बनाने के साथ साथ सेवा भाव सिखाता है। डॉ दीप नारायण ने वंदे मातरम गीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और देशवासियों को एकजुट करने एवं देशभक्ति की नई चेतना जगाने में इस गीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में स्वागत भाषण रेंजर प्रभारी डॉ शिखा तिवारी, संचालन ट्रेनिंग काउंसलर प्रदीप कुमार मौर्य तथा धन्यवाद ज्ञापन रोवर प्रभारी डॉ रजनीश ने किया। समापन समारोह में रोवर्स रेंजर्स द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया जिसमें उन्होंने कजरी,लोकगीत,नाटक एवं रोल प्ले का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला संघठन कमिश्नर स्काउट मुकेश कुमार सिंह ने जनपदीय समागम के विषय में बताया।इस दौरान डॉ चंदन साहू,डॉ कुसुम लता,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ अरुणेश कुमार, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ सत्येंद्र कुमार,डॉ शेफालिका राय, डॉ रीता मिश्रा, डॉ नलिनी सिंह, डॉ चंदन कुमार द्विवेदी, डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ विद्या सिंह, धर्मचन्द्र, डॉ रामानंद पुजारी, कमलेश शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार, रामकेश सोनकर, जयप्रकाश, शोध छात्र कृष्णानंद के साथ साथ कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती संगीता विश्वकर्मा एवं सभी रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहें।

सरदार पटेल के 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली गई तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार मिर्जापुर। लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नगर स्थित एक स्कूल से तिरंगा यात्रा क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व मे निकली गई। यात्रा मे विधायक अनुराग सिंह, रविन्द्र सिंह,ज्योति प्रकाश सिंह,विवेक द्विवेदी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण बैनर लेकर चल रहे थे ।उनके पिछे बैण्डबाजे के साथ एनसीसी व स्काउट्स एवं गाइड्स, नगर मे स्थित राजकिय बालिका इण्टरमीडिएट कालेज, संस्कृत महाविद्यालय, पी डी एन डी इण्टरमीडिएट कालेज, संत थामस स्कूल सहित तमाम स्कूलों के छात्र, छात्राए, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित नगरक्षेत्र व आसपास के लोग नगर के टेकौर, बालू घाट, रामघाट, चकईपुर, तहसील, लाल दरवाजे होते हुए हजारों की संख्या मे स्कूल बच्चे व पार्टी कार्यकर्ताओं ने लगभग चार किलोमीटर का पदयात्रा तय कर यात्रा प्रारम्भ स्थल पर पहुँचे। यात्रा के दौरान जगह जगह नगरवासियों ने अपने छत के उपर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार के पास पहुचने पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ब्रह्मकुमारीयो व ब्रह्म कुमारो ने पद यात्रीयों को तिलक लगाकर स्वागत कर विधायक को पुष्पगुच्छ भेट किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद,विधायक सहयोगी आलोक सिंह, विजय कुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष मंगरू साहनी, महिला मंडल अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, विवेक सिंह,बचाऊ लाल सेठ,अखिलेश मिश्रा बच्ची,अजय शेखर पाण्डेय, विजय बहादुर सिंह, राजकुमार गुप्ता, सौरभ पुजारी, करतार सिंह,अभिलाष राय, राजू गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह, विकास कश्यप, विजय बहादुर बिंद, विजय गिरी, रमेश यादव, रामआसरे यादव सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा में कोतवाल विजय शंकर सिंह पटेल पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

1 दिसंबर 2025 से विद्युत बिल समाधान योजना लागू होगा

हलिया मिर्जापुर। 1 दिसंबर 2025 से विद्युत बिल समाधान योजना लागू होगा अर्थात ओ0टी0एस0 आ गया है जिसमें सत प्रतिशत ब्याज के अलावा अनपेड कंज्यूमर को 25% मूलधन में भी छूट दी जाएगी जिसका अधिक से अधिक आप सभी लोग लाभ उठाएं जिन उपभोक्ताओं के ऊपर विद्युत चोरी में प्राथमिक की दर्ज की गई है ऐसे उपभोक्ताओं को 50% का छूट है अधिक से अधिक इसका लाभ उठाएं और कोर्ट कचहरी से बच्चे बिजली विभाग के कर्मचारी राजेश कुमार गौतम 33/11 केवी विद्युत केंद्र बरौधा के द्वारा सूचना दिया गया कि अब विद्युत बिल समाधान योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।